संपादकीय

# सरकार का आटा बेचना

अचानक सरकार को आटा बेचने की बात क्यों सूझी? अनुमान लगाया जा सकता है कि इसकी वजह कुछ महीनों के बाद होने वाला आम चुनाव है। चुनाव में महंगाई एक बड़ा मुद्दा ना बने, इसके लिए सरकार ने एहतियाती कदम उठाया है।

आर्थिक नीतियों पर बात करते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो खास कथन रहा है। एक तो यह कि सरकार को कारोबार में नहीं रहना चाहिए और दूसरा यह कि वे लोगों को खैरात पर निर्भर रखने के बजाय उन्हें आत्म-निर्भर बनाना चाहते हैं। अब चूंकि मोदी को केंद्र की सत्ता में आए साढ़े नौ साल हो चुके हैं, इसलिए जब कभी उनकी सरकार इस सोच के खिलाफ काम करती दिखती है, तो उचित ही है कि उस पर सवाल उठाए जाते हैं। ऐसे ही प्रश्न सरकार के आटा बेचने के फैसले से उठे हैं। केंद्र ने नाफेड के जरिए कम दाम पर आटा बेचने की शुरुआत कुछ महीने पहले की थी। उस समय 'भारत आटा' नाम की योजना प्रायोगिक पहल रूप में शुरू की गई थी। अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू कर दिया गया है। यह आटा केंद्रीय भंडार, नाफेड और एनसीसीएफ के केंद्रों और मोबाइल वैनों के जरिए जगह-जगह बेचा जाएगा। धीरे-धीरे इसे सहकारी केंद्रों और खुदरा दुकानों तक भी पहुंचाने की योजना है। प्रायोगिक पहल के समय इसका दाम 29.50 रुपये प्रति किलो था।

अब कीमत दो रुपए और घटा दिया गया है। यानी सरकार इसे 27.50 रु. प्रति किलो की दर से बेचेगी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस समय खुले बाजार में आटा औसतत 35.99 प्रति किलो के दाम पर बिक रहा है। हालांकि अच्छी क्वालिटी का आटा इससे काफी महंगा है। तो अब सवाल उठा है कि अचानक सरकार को आटा बेचने की बात क्यों सूझी? अनुमान लगाया जा सकता है कि इसकी वजह कुछ महीनों के बाद होने वाला आम चुनाव है। चुनाव में महंगाई एक बड़ा मुद्दा ना बने, इसके लिए सरकार ने एहतियाती कदम उठाए हैं। इसी के तहत रसोई गैस के सिलिंडर की कीमत में 200 रु. की कटौती की गई थी।

देश में खाने-पीने की चीजों के दाम लगातार बढ़े हुए हैं। सितंबर में कुल मिलाकर खुदरा मुद्रास्फीति 5.02 प्रतिशत थी। लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति की दर 6.56 थी। तो अब सरकार ने एफसीआई के गोदामों से ढाई लाख मिट्रिक टन गेहूं अलग कर यह योजना शुरू की है। अब नजरें इसके असर को देखने पर टिकी हैं।

# भारत में गिटहब पर जेनरेटिव एआई प्रोजेक्ट बनाने वाले अब 13.2 मिलियन डेवलपर्स




**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के स्वामित्व वाले एआई-पावर्ड प्लेटफॉर्म गिटहब के भारत में 13.2 मिलियन डेवलपर्स हैं। जिसमें से 3.5 मिलियन इस साल इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं। भारत में डेवलपर्स वैश्विक स्तर पर गिटहब जेनरेटिव एआई परियोजनाओं में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता हैं।

इस निरंतर और महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ गिटहब का अनुमान है कि भारत 2027 तक कुल डेवलपर आबादी में अमेरिका से आगे निकल जाएगा।

गिटहब में एपीएसी के उपाध्यक्ष शैरिन नेपियर ने कहा, भारत का बढ़ता डेवलपर समुदाय एक नवाचार पावरहाउस के रूप में देश की स्थिति के केंद्र में है। भारतीय डेवलपर्स को गिटहब पर जेनेरिक एआई परियोजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देखना रोमांचक है, जो एआई परिदृश्य में भारत के बढ़ते महत्व को उजागर करता है, साथ ही देश के डेवलपर्स सीधे दुनिया भर में एआई नवाचार के भविष्य को आकार दे रहे हैं।

गिटहब की स्टेट ऑफ द ऑक्टोवर्स रिपोर्ट के 2023 संस्करण से पता चला है कि जेनेरेटिव एआई 148 प्रतिशत साल-दर-साल वृद्धि के साथ जेनरेटर एआई परियोजनाओं में व्यक्तिगत योगदानकर्ताओं में एक महत्वपूर्ण और वैश्विक वृद्धि ला रहा है।

विशेष रूप से, अमेरिका, भारत और जर्मनी डेवलपर समुदायों के बीच अग्रणी हैं, जबकि यूके, जापान, हांगकांग और फ्रांस सहित अन्य क्षेत्र इसके बाद हैं।

भारत के डेवलपर समुदाय ने साल-दर-साल लगातार वृद्धि का अनुभव किया है, जिसमें 2023 में 36 प्रतिशत की वृद्धि भी शामिल है।

भारत अपने और अन्य देशों के लिए डिजिटल भुगतान और ईकॉमर्स सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए सॉफ्टवेयर कोड से लेकर एआई मॉडल तक खुली सामग्रियों के साथ अपने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है।

# धनतेरस पर सज गए बाजार, 50 हजार करोड़ के लोकल कारोबार की आस, चीन को झटका



**मुंबई ।** आज धनतेरस है और रविवार को दिवाली है। त्योहारों के लिए बाजार सजे हुए हैं। इस बार चीनी उत्पादों की कम और स्थानीय उत्पादों की धूम अधिक मची हुई है। दिल्ली सहित देश भर के व्यापारियों के लिए माल की बिक्री का एक बड़ा दिन है जिसकी लेकर देश भर में बड़ी तैयारियाँ व्यापारियों ने की हुई है।

कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीन खंडेलवाल ने बताया की आज और कल धनतेरस के मौक़े पर देशभर में करीब 50 हज़ार करोड़ रुपये के रिटेल व्यापार का अनुमान है। दूसरी तरफ़ इस दिवाली पर वोकल फॉर लोकल का असर पूरी तरह से बाजारों में दिख रहा है। ज्यारदातर लोग भारत में बने हुए सामान की खरीददारी करना पसंद कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार दिवाली से जुड़े चीनी सामानों की बिक्री अब न होने से चीन को लगभग 1 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

धनतेरस पर अमूमन लोग बर्तन और दूसरे सामानों की खरीदारी करते हैं, सभी जगह बाजारों में बर्तनों की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। इस त्योहार को लेकर व्यापारियों ने लम्बे समय से तैयारी करके रखी हुई है। वहीं, लोग धनतेरस पर चम्मच, गिलास, कटोरी, थाली सहित कई बर्तनों के सेट व अन्य बर्तनों की खरीदारी करने में व्यस्त हैं।

# टाटा पावर का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 9प्रतिशत बढ़कर हुआ 1,017 करोड़ रुपए



**मुंबई ।** टाटा पावर ने चालू वित्तवर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 8.8 प्रतिशत बढक़र 1,017 करोड़ रुपये होने की घोषणा की, जबकि पिछले साल की समान अवधि में शुद्ध लाभ 935 करोड़ रुपये था।

कंपनी ने कहा कि उसने जाम्बिया में अपने पनबिजली संयंत्र की टैरिफ समस्या का समाधान कर लिया है और उसे जाम्बिया बिजली आपूर्ति निगम से 10.2 करोड़ डॉलर के लंबित बकाए का कुछ हिस्सा मिल गया है। टाटा पावर का स्वच्छ ऊर्जा पोर्टफोलियो दूसरी तिमाही के दौरान 5,500 मेगावाट तक विस्तारित हो गया है और अब यह इसकी कुल स्थापित उत्पादन क्षमता का 38 प्रतिशत है।

# बंद हुआ पॉपुलर चैटिंग एप ओमेगल, शिकायत के बाद कंपनी ने लिया फैसला




**नई दिल्ली।** 2021 में बीबीसी इंवेस्टिगेशन के बाद विवादों में आए लाइव वीडियो चैट प्लेटफॉर्म ओमेगल बंद हो गया है। बीबीसी की इंवेस्टिगेशन में पाया गया था कि बच्चे वेबसाइट पर अजनबियों के सामने खुद को एक्सपोज कर रहे हैं। वेबसाइट की स्थापना 2009 में 18 वर्षीय प्रोग्रामर और हाई स्कूल के छात्र लीफ़ के-ब्रूक्स ने की थी। महामारी के दौरान यह वेबसाइट अमेरिका, मैक्सिको और यूके के अलावा भारत में भी लोकप्रिय हो गई।

ओमेगल वर्चुअल वीडियो और टेक्स्ट चैट के लिए लोगों को लिंक करता था, और मॉडरेटर होने का दावा करता था। हजारों उपयोगकर्ता भारत से भी थे। एक ब्लॉग पोस्ट में, के-ब्रूक्स ने कहा कि वर्षों से, लोगों ने विदेशी संस्कृतियों का पता लगाने, निष्पक्ष तीसरे पक्षों से अपने जीवन के बारे में सलाह लेने और अकेलेपन को कम करने के लिए ओमेगल का उपयोग किया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि ओमेगल ये लड़ाई हार गया है, लेकिन इंटरनेट के खिलाफ युद्ध जारी है।

के-ब्रूक्स ने लिखा, जितना मैं चाहता हूं कि परिस्थितियां अलग होतीं, उतनी ही ये बढ़ती गईं। ओमेगल का संचालन अब न तो आर्थिक रूप से और न ही मनोवैज्ञानिक रूप से टिकाऊ है। सच कहूं तो, मैं 30 की उम्र में दिल का दौरा नहीं चाहता। कई देशों में स्कूलों और कानून अधिकारियों ने वेबसाइट के बारे में चेतावनी जारी की थी।

द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट में कहा गया, वेबसाइट के अस्वीकरण के बावजूद कि उपयोगकर्ताओं की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए, और 13 से 18 वर्ष के यूजर्स को माता-पिता की अनुमति के साथ साइट का उपयोग करना चाहिए, साइट पर ऐज वेरिफिकेशन नहीं है।

# विश्व कप : श्रीलंका को हराने के बाद सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड की जगह पक्की

**बेंगलुरु ।** आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वश कप 2023 मैच में न्यूजीलैंड की श्रीलंका पर 160 गेंद बाकी रहते पांच विकेट से जीत से उसका नेट रन रेट (एनआरआर) +0.743 तक बढ़ गया है और सेमीफाइनल में उसकी जगह पक्की हो गई है। न्यूजीलैंड ने भारत, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के साथ विश्वव कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

श्रीलंका पर न्यूजीलैंड की जोरदार जीत का मतलब है कि टूर्नामेंट के सेमीफाइनल चरण की रूपरेखा तभी बदल सकती है जब कुछ नाटकीय घटित हो। अंक तालिका में भारत के पहले स्थान पर रहने का अनुमान है, जबकि दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहेंगे। सेमीफाइनल 16 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा।

श्रीलंका पर ब्लैक कैप्स की जीत का मतलब है कि वे चौथे स्थान पर रहने के लिए बॉक्स सीट पर बैठे हैं और भारत के लिए सबसे संभावित प्रतिद्वंद्वी हैं, हालांकि पाकिस्तान के पास अभी भी इंग्लैंड पर बड़ी जीत के साथ नॉकआउट चरण में अंतिम स्थान का दावा करने का एक बाहरी मौका है।

न्यूजीलैंड की बड़ी जीत के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पाकिस्तान का समीकरण लगभग असंभव है। यदि वे पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो उन्हें कम से कम 287 रनों के अंतर से जीतना होगा और यदि वे पीछा कर रहे हैं, तो उन्हें इंग्लैंड को 50 रनों पर आउट करना होगा और दो ओवर में लक्ष्य का पीछा करना होगा या तीन ओवर में 100 रन बनाने होंगे। हालांकि ये सभी विकल्पा असंभव प्रतीत होते हैं।

अफ़ग़ानिस्तान की संभावनाएं और भी कम हैं, क्योंकि उनका नेट रन रेट पाकिस्तान से भी कम है। शुक्रवार को अहमदाबाद में उनका सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। यदि स्थिति अभी जैसी ही रही तो भारत 15 नवंबर को मुंबई में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और अगले दिन कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला होगा।

आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर पाकिस्तान न्यूजीलैंड से आगे निकलने और चौथे स्थान पर रहने में कामयाब होता है, तो भारत का अपने प्रतिद्वंद्वी के साथ मुकाबला गुरुवार को कोलकाता में होगा और प्रोटियाज का ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ मुकाबला एक दिन पहले मुंबई में होगा।

# बोल्ट 600 अंतर्राष्ट्रीय विकेट पूरे करने वाले तीसरे गेंदबाज बने कीवी



**बेंगलुरु ।** ट्रेंट बोल्ट एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप मैच के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के तीसरे गेंदबाज बन गए।

श्रीलंका के कुसल मेंडिस के विकेट के साथ बोल्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट पूरे कर यह उपलब्धि हासिल की।

वह मौजूदा साथी टिम साउदी और पूर्व कप्तान डेनियल वेटोरी के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे कीवी गेंदबाज बन गए। 34 साल के बोल्ट ने अब तक सिर्फ 315 पारियों में 25.73 की शानदार औसत से 601 विकेट लिए हैं।

इससे पहले मैच में बोल्ट वनडे विश्व कप इतिहास में 50 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के पहले गेंदबाज भी बने।

बोल्ट वनडे विश्व कप इतिहास में 50 या अधिक विकेट लेने वाले तीसरे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क, जो 59 विकेट के साथ चार्ट में सबसे आगे हैं और पाकिस्तान के दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम का नाम शामिल है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप अपने मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जिसमें आप अच्छा खासा खर्च करेंगे। पारिवारिक समस्याएं आज स्वयं दूर हो जाएंगी।

***वृष :*** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। वैवाहिक जीवन में नई-नई खुशियां आयेंगी, आप जीवनसाथी के साथ सूझबूझ दिखाते हुए आगे बढ़ेंगे।

***मिथुन :*** बिजनेस कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। ऊंचाइयां आपके कदम चूमेगी और ऑफिस में काम करने वाले लोगों को किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आज आपको बॉस की बातों को ध्यान से सुनना चाहिए।

***कर्क :*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। किसी जरूरी कार्यों को समय रहते पूरा कर लेंगे। आज आप किसी बात को लेकर सोच विचार में रहेंगे। परिवार में छोटे बच्चे आपसे किसी खिलौने की फरमाइशें कर सकते हैं।

***सिंह :*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप किसी यात्रा पर जाते समय वाहन बहुत ही सावधानी से चलाएं। छोटीछोटी बातों को लेकर आज आपको चिड़चिड़ा होने से बचना चाहिए।

***कन्या:*** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहने वाला है। ससुराल पक्ष से आज आपको सहायता मिलेगी, जिससे रुके हुए कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आप संतान के बेहतर भविष्य के लिए, किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे।

***तुला:*** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपको किसी से भी व्यर्थ में उलझने से बचना चाहिए। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं। आज आप परिवार सहित किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनायेंगे।

***वृश्चिक :*** आज का दिन आपके लिए ठीकठाक रहने वाला है। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। परिवार में आप सदस्यों की छोटी-छोटी खुशियों का ख्याल रखेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को इंक्रीमेंट मिलने से प्रसन्नता होगी।

***धनु :*** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी आप पर हावी होने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप अपनी समझदारी से उन्हें सफल नहीं होने देंगे।

***मकर :*** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको घर और बाहर से एक के बाद खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी, जो आपकी प्रसन्नता का कारण बनेगी।

***कुंभ :*** आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुडक़र नाम कमाने के लिए रहेगा। जीवनसाथी के साथ कुछ सुखद भरे पल व्यतीत करेंगे और आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

***मीन :*** आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। किसी पुरानी चली आ रही परेशानियों से आपको निजात मिलेगी। व्यवसाय में आप अच्छा धन कमाने में कामयाब रहेंगे।

# दिवाली में पटाखों के बिना जश्न मनाने के लिए अपनाएं ये तरीके



दिल्ली और इसके आसपास के शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण पटाखों पर प्रतिबंध जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों के उत्पादन और इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी है।हालांकि, इसका यह मतलब नहीं है कि दिवाली का जश्न फीका ही रहेगा। आप चाहें तो अन्य कई तरीकों से त्योहार का आनंद ले सकते हैं।आइए जानते हैं कि पटाखों का इस्तेमाल किए बिना किस तरह से दिवाली को शानदार तरीके से मनाया जा सकता है।

## एलईडी लाइट्स और दीयों का इस्तेमाल करें

दिवाली को रोशनी का त्योहार कहा जाता है।इस मौके पर घरों को रोशन करने के लिए पहले मिट्टी के दीये जलाने का रिवाज था, लेकिन अब इनकी जगह चमचमाती लाइट्स ने ले ली है। बेहतर होगा कि आप दीये जलाने वाले रिवाज को जारी रखें।इनके साथ दिवाली पर एलईडी लाइट्स का इस्तेमाल करें। इन लाइट्स को बनाने में गैलियम फोस्फाइड का इस्तेमाल होता है, जिससे कम ऊर्जा की खपत में ज्यादा प्रकाश उत्पन्न होता है।

## अपने घर को सजाएं

दिवाली के अवसर पर पूजा से पहले आप अपने घर की सजावट कर सकते हैं। इस तरह से आप व्यस्त भी रहेंगे और त्योहार के माहौल को भी महसूस कर पाएंगे।इसके लिए आप खुद भी कुछ सजावटी सामान जैसे कि कागज की लड़ियां या झूमर आदि बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त असली फूलों से रंगोली बनाकर घर के प्रवेश द्वार को खूबसूरत बना सकते हैं।यहां जानिए दिवाली पर घर को सजाने के आसान तरीके।

## हस्तनिर्मित गिफ्ट दें

प्लास्टिक से बने इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य सामान एक निश्चित समय के बाद कचरे में ही जाते हैं और ये हमें प्लास्टिक की खपत के अंतहीन चक्र में डाल देता है।ऐसे में क्यों न इस दिवाली पर्यावरण के अनुकूल हस्तनिर्मित गिफ्ट देने की प्रथा शुरू करें!अगर आप इसके लिए तैयार हैं तो टेराकोटा आर्ट वर्क, फूलों वाली चीजें, प्लांटेबल स्टेशनरी, ईको-फ्रेंडली कटलरी और यहां तक कि स्नैक्स बॉक्स आदि विकल्प गिफ्ट के तौर पर दे सकते हैं।

## स्वादिष्ट स्नैक्स और ड्रिंक्स करें तैयार

त्योहार का मजा खान-पान की चीजों के बिना अधूरा-सा ही लगता है। इसी कारण दिवाली के अवसर पर अपने मनपसंद स्नैक्स और ड्रिंक्स तैयार करें और अपने परिवार के साथ उनके सेवन का आनंद लें।इसके अलावा दिवाली मनाने का सबसे खास तरीका है कि आप विभिन्न मिठाइयां बनाएं। काजू कतली हो या फिर लड्डू, दिवाली लजीज मिठाइयों के लिए जानी जाती है।

## दिवाली पार्टी आयोजित करें

आप चाहें तो दिवाली पर एक पार्टी भी आयोजित कर सकते हैं।हालांकि, दिवाली पार्टी की योजना बनाने से पहले एक बजट तैयार करें, जिससे आपके लिए प्राथमिकताएं निर्धारित करना आसान हो जाए और आप फिजूल के खर्च से बच सकें।इसके साथ ही एक सूची उन लोगों की जरूर बनाएं, जिन्हें आप अपनी पार्टी का हिस्सा बनाना चाहते हैं और देखें कि यह आपके बजट में फिट बैठती है या नहीं।

# द आर्चीज का ट्रेलर आउट, 60 के दशक की कहानी में लगा प्यार और दोस्ती का तड़का



काफी समय से दर्शकों को फिल्म द आर्चीज का इंतजार है। यह इसलिए भी सुर्खियों में है, क्योंकि इसके जरिए न सिर्फ शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान फिल्मी दुनिया में कदम रख रही हैं, बल्कि श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर भी बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही हैं, वहीं अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की भी यह पहली फिल्म है।फिल्म के पोस्टर, टीजर और गाने के बाद अब इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है।

ट्रेलर देख ऐसा लगेगा जैसे आप 60 के दशक में चले गए हों। कलाकारों के कपड़ों से लेकर उनके हेयरस्टाइल तक को रेट्रो लुक दिया गया है।फिल्म में सुहाना, अगस्त्य और खुशी के बीच लव ट्राएंगल देखने को मिल रहा है, वहीं अभिनय के मामले में अगस्त्य सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं।इसमें दोस्तों की मस्ती से लेकर, डांस और कुछ दुखभरे पल भी हैं, जो कहानी को दिलचस्प बनाते हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 241

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 240 का हल



## सू-दोकू- 241

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 240 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |